# मेरा सांवरिया सरकार | By Divyansh Balaji

जब जब तुझे पुकारा तूने दिया सहारा
तूने दिया सहारा तूने सबको दिया है प्यार
हारे का सहारा है मेरा सांवरिया सरकार

खाटू में अजब तेरी शान है तू ही सबसे महँ है
घट-घट वासी अन्तर्यामी मैं सेवक ये सबका स्वामी
तेरी मोरछड़ी की माया जो माँगा सब कुछ पाया
जो माँगा वो पाया तूने सबको दिया दातार
हारे का सहारा है मेरा सांवरिया सरकार

तेरी नज़र उठे हर ख़ुशी मिले जो मिले नज़र तो दु:ख दर्द टलें
तू हँसे तू गुलशन खिल जाए तुझे देख के तुझमे खो जाएँ
तेरी ज्योत में तेरा उजाला तुझे कहते खाटू वाला
कहते खाटू वाला मैं सौ बार करूँ दीदार
हारे का सहारा है मेरा सांवरिया सरकार

दुनिया में कहीं और नहीं तेरे दर जैसा दरबार कहीं
तुझे जानता सारा ज़माना है रामु जी तेरा दीवाना है
तू तीन बाण का धारी है कलयुग का अवतारी
कलयुग के अवतारी आजा लीले होके सवार
हारे का सहारा है मेरा सांवरिया सरकार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-divyansh-balaji/